



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 91 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 12 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

पति-पत्नी विवाद...

## पति द्वारा फैंका गया होम थिएटर बच्चे की नाक पर लगा, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पति -पत्नी के विवाद के दौरान पति ने होम थिएटर फेंका जो एक बच्चे की नाक पर लगा। मामले में आरोपी पति पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

सीतामऊथाना पुलिस के अनुसार मामला पोस्ट आफिस गली का है। भेरूलाल दमामी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी पप्पू उर्फ जुगलकिशोर पिता बालमुकुंद कुशवाहा व उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी ने होम थिएटर फेंक दिया जो फरियादी के बच्चे की नाक पर जाकर लगा। इससे बच्चा घायल हो गया। इस बारे में आपत्ति ली तो आरोपी ने उसे भी धमकाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# शिवना नदी: पानी की सुरक्षा में कोताही..!

## प्रतिबंध की औपचारिकता, टीम बनाने का दिखावा

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शिवना नदी केपानी की सुरक्षा में इस बार भी कोताही बरती जा रही है। पानी चोरी पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद टीम बनाकर मानो जिम्मेदार भूल गए हो। दिन दहाड़े मोटरें लगाकर पानी चोरी का काम जारी है। नदी के समीप के किसानों के विद्युत कनेक्शन भी काटे गए है। लेकिन, कई किसान डीजल पंप चलाकर नदी के पानी से खेतों में सिंचाई कर रहे है।**

नगरपालिका की अनदेखी के कारण गर्मी के दिनों में शहर में पेयजल संकट गहरा सकता है। इस साल औसत से अधिक वर्षा हुई है। लेकिन, पानी बचाने के लिए नगरपालिका गंभीरता नहीं दिखा रही है। इसका बड़ा कारण नदी से अवैध रूप से हो रही पानी की चोरी है। मुक्तिधाम की पुलिया से कालाभाटा बांध उसके आगे तक अनेक जगह नदी में मोटर चलाकर पानी चुराया जा रहा है। बताया गया हैं कि रात के अंधेरे में तो ठीक दिन के उजाले में भी मोटरे चल रही है और शिवना का पानी चोरी हो रहा है। शिवना से सिंचाई के लिए पानी लेने पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद नदी किनारे कई जगह पानी के अंदर ही मोटर व पनडुब्बी लगाकर आसपास के खेतों में सिंचाई के लिए पानी चोरी किया जा रहा है। प्रतिदिन नदी से पानी चोरी होने के कारण आगामी समय में नगर में जलसंकट की स्थिति बन सकती है। मुक्तिधाम के आगे से लगाकर मिजार्पुरा तक शिवना से लगे खेतों में करीब 2000 हेक्टेयर से अधिक में फसले बोई हुई हैं। अधिकांश खेतों में सिंचाई के लिए शिवना नदी में अवैध रूप से अंडरग्राउंड मोटर एवं पनडुब्बी लगाकर पानी चोरी किया जा रहा है। नगरपालिका ने पानी चोरी रोकने के लिए प्रतिबंध जरूर लगा रखा है। लेकिन, चोरी को रोकने के लिए मैदानी कार्रवाई नहीं हो रही है। नपा का कहना है कि इसके लिए टीम बनाई गई हैं। बावजूद पानी चोरी नहीं रुक रही है।

### टीम बनाकर हो गया आदेश का पालन...

पानी चोरी को रोकने के लिए नगरपालिका ने सिर्फ टीम बनाई और मुनादी करवाई है। इसके अलावा अब तक कुछ भी नहीं किया है। किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से शिवना से पानी चोरी नहीं रूक रही है। आसपास के खेतों में अनेक स्थानों पर शिवना का पानी लिया जा रहा है। पशुपतिनाथ मंदिर छोटी पुलिया से मुक्तिधाम और उसके आगे तक कई जगह पानी की मोटरे लगी हुई है, पाइप नजर आ रहे है।

हाल ए बस स्टैंड.......

# पुलिस सख्ती से कुछ सुधार



**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेहरु बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था, पार्किंग, बसों के अनियंत्रित तरीके से खड़े होने, निर्धारित समय से पहले ही बस स्टैंड पर बसों के खड़े हो जाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई थी। लेकिन, पुलिस की सख़्ती से अब यहां कुछ सुधार नजर आ रहा है। बस स्टैंड पर तैनात आरक्षक आनंदसिंह राठौर और हेमंत भट्ट की मेहनत रंग ला रही है। सबसे पहले बसों के बस स्टैंड पर पहुंचने के निर्धारित समय का पालन सख्ती से कराया गया है। जहां समय से पहले ही बसें बस स्टैंड पहुंचकर खड़ी कर दी जाती थी। अब बस संचालकों को सख्त हिदायत दी गई। जिससे बार बार लगने वाले जाम से निजात मिली है।

इसके अलावा बसों, आटो, ठेलों के लिए बनाए गए निर्धारित स्थानों पर लाईनिंग की गई है। इसी लाईनिंग के आधार पर बसों, आटो और ठेलों को खड़ा कराया जा रहा है। इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि कई बार वाहन चालक या दुकानदारों द्वारा अव्यवस्थित वाहनों को खड़ा कर दिया जाता था। अब उन्हें सही जगह और सही तरीके से वाहनों को खड़ा करने की हिदायत दी गई है। इससे लग रहा हैं कि बरसो से बिगड़ा बस स्टैंड का ढर्रा धीरे धीरे सुधर रहा हैं।

## सवा पांच क्विंटल डोडाचूरा जप्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाने की नयागांव चौकी पुलिस ने पिकअप में ले जाया जा रहा 5 क्विंटल 20 किलो डोडा चूरा जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोरखेड़ी से आगे अचलावदा जाने वाले तिराहे पर एक पिकअप एमपी 44 जेडसी 4362 को रोका। इससे डोडा चूरा मिला, जिसे जप्त किया गया। इसके साथ पायलेटिंग करती हुई कार आरजे 06 सीएफ 5992 को भी जप्त किया।

पुलिस की नाकाबंदी देखकर ड्राइवर पिकअप को पहले ही रोककर अंधेरे में खेतों में फरार हो गया। ड्राइवर के साइड में बैठे व्यक्ति को पकड़ लिया। उसने अपना नाम पवन पिता रतनलाल खटीक उम्र 23 साल निवासी ग्राम नेतावल तहसील बस्सी जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान बताया। वहीं फरार ड्राइवर का नाम रतनलाल उर्फ कन्हैयालाल उर्फ कान्हा पिता कालूराम माली निवासी जनकपुर थाना रतनगढ़ जिला नीमच बताया। पायलेटिंग करती हुई कार के ड्राइवर ने नाम रतनसिंह रावत निवासी सेगवा हाउसिंग बोर्ड 3 जी थाना सदर जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान बताया। पिकअप की नयागांव चौकी पर तलाशी ली। इसमें 22 काले कट्टों व 5 खादी के बोरों में भरा कुल 5 क्विंटल 20 किलो डोडा चूरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस फरार रतनलाल माली निवासी ग्राम जनकपुर थाना रतनगढ़ की तलाश कर रही है।

### टायर फटने से पलटी तूफान, 6 चोंटिल

**पिपलियामंडी, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तूफान का टायर फटने से सांवलियाजी दर्शन कर लौट रहे एक परिवार के 6 लोग घायल हो गए। हालांकि किसी को गंभीर चोंट नही आई। जानकारी के अनुसार शनिवार को मंडावर (ताल) के परिवार के छह सदस्य सांवलियाजी दर्शन के बाद वापस लौट रहे थे, इसी दौरान दोपहर 3.30 बजे करीब बोतलगंज से आगे टायर फटने से तूफान (एमपी 09 बीसी 8721) पलट गई और सड़क से नीचे उतर गई। इसमें सवार 6 सदस्यों को मामूली चोंटे आई।

ग्रीनको कंपनी ने ली एक और मजदूर की जान...

## मिक्सर में फंसकर हुई युवक की मौत

**रामपुरा, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के समीप ग्राम खिमला में विद्युत पावर प्लांट कंपनी, ग्रीनको प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विद्युत प्लांट का निर्माण कार्य जारी है इसी के तहत कंपनी द्वारा निर्माण कार्य का पेटी कांटेक्ट के आधार पर कई कंपनियों को ठेका दिया जाकर कार्य करवाया जा रहा है इसी के तहत कार्य करने वाली आईटीआई कंपनी में कार्यरत शिवपुरी के युवक जितेंद्र पिता जगदीश परिहार आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम काकड़ जिला शिवपुरी के कल कार्य के दौरान मिक्सर मशीन में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल होकर उसको रामपुरा हॉस्पिटल जहां से उसे नीमच रेफर किया गया नीमच से उसको उदयपुर रेफर किया गया जहां पर इलाज के दौरान उक्त युवक की दर्दनाक मौत हो गई जिसका पीएम उदयपुर हॉस्पिटल में किया गया रहस्यमय तरीके से हुई युवक की मौत पर कई सवालिया निशान लग रहे हैं बताया जाता है कि कार्य के दौरान कई मजदूर की मौत रहस्यमय और दर्दनाक रूप से होने के बावजूद भी आज तक उनका पता ही नहीं चला।

# प्रेमी के साथ पकड़ाई शिक्षिका, पति ने साथियों के साथ की पिटाई

## युवक को किया निर्वस्त्र, पुलिस का कहना दोनों के बीच समझौता हो गया



**पिपलियामंडी, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में एक युवक ने उसकी पत्नी को प्रेमी की साथ पकड़ लिया। युवक के साथ आए लोगों ने प्रेमी-प्रेमिका की जमकर धुनाई की व युवक को निर्वस्त्र कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची व निर्वस्त्र युवक को कबंल ओढ़ाकर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार अजय टॉकीज मार्ग पर ब्रिज के निकट एक मकान में किराए से रह रही मल्हारगढ़ की शिक्षिका को उसके पति ने शुक्रवार रात्रि 10.30 प्रेमी के साथ पकड़ा। प्रेमी युवक रतलाम जिले आलोट थाना क्षेत्र के रहने वाला है, जो कॉलेज में कम्प्युटर आपरेटर बताया जा रहा है। शिक्षिका के पति के साथ आए युवकों ने प्रेमी-प्रेमिका धुनाई शुरु कर दी। बेल्ट, लात, घुसों से दोनों की काफी देर तक पिटाई की। प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर चोंट पहुंचाई। वहीं प्रेमिका के मूह से खून बहने लगा। इसके बाद पति के साथ आए युवकों ने प्रेमी युवक के पूरे कपड़े उतरवार निर्वस्त्र कर मारपीट की। इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी भी एकत्रित हो गए। सूचना पर थाने के एसआई सत्येन्द्र सैनी मौके पहुंचे। निर्वस्त्र युवक को कंबल लपेटा व दोनों को पुलिस थाने ले गए। एसआई सैनी ने बताया दोनों पक्षों के बीच समझौता होने पर दोनों चले गए। पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

## कई पुलिस वाले इधर से उधर

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने कई पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया है। जिसमें उप निरीक्षक प्रहलादसिंह को पुलिस लाईन से सीतामऊथाना भेजा गया है।



सउनि सीताराम शर्मा को दलौदा थाने से कचनारा चौकी और संतोष मुनिया को दलौदा थाने से पिपलियामंडी थाने भेजा गया है। इसी तरह से प्रधान आरक्षक तरुण देवड़ा को नई आबादी थाने से भानपुरा थाना, सुशील यादव को पुलिस लाईन से भैसोदामंडी चौकी, पुष्पेंद्रसिंह को नारायणगढ़ थाने से झार्डा चौकी, महेश शर्मा को झार्डा चौकी से पुलिस लाईन, मोहनलाल शर्मा को वायडी नगर थाने से पुलिस लाईन भेजा गया है। आरक्षकों में राकेश नागदा को सुवासरा थाने से नई आबादी थाना, नेमाराम जाट को नई आबादी थाने से शामगढ़ थाना, कारुलाल मकवाना को पुलिस लाईन से सुवासरा थाना, जीतेंद्र कुमार को पुलिस ला्न से शामगढ थाना, प्रतिक तंवर को पुलिस लाईन से सुवासरा थाना, रामचंद्र मंडोतिया को शामगढ थाने से गांधी सागर थाना, सुरेश मईडा को पुलिस लाईन से शामगढ थाना, शांतीलाल गुर्जर को पिपलियामंडी से पुलिस लाईन, ऐश्वर्य सुरावत को सुवासरा से नई आबादी थाना, नरेंद्र बुनकर को नई आबादी से झार्डा चौकी, रवींद्रसिंह को झार्डा चौकी से नई आबादी थाना, राहुल बोरीवाल को अजाक थाने से अफजलपुर थाना और अनिल मालवीय को गरोठ थाने से नई आबादी थाने स्थानांतरित किया गया है।



## मौसम: सक्रांति से कड़ाके की ठंड

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 34 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है, साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। मंदसौर में शनिवार सुबह से बादल छाए रहे, जिससे तापमान में हल्का उछाल देखा गया है। जिले में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ओले-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, मंदसौर जिले में बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, 13-14 जनवरी अर्थात संक्रांति से तेज सर्दी का तीसरा दौर शुरू होगा और सिस्टम के आगे बढ़ने के बाद शीत लहर का प्रभाव भी महसूस किया जाएगा।

# चोरों ने दो कार शोरूम पर किया हाथ साफ

## तिजोरी से लाखों की नगदी हुई गायब, पुलिस खंगाल रही क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे

**रतलाम, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के औद्योगिक थाना क्षैत्र अंतर्गत चोरों ने बीती रात दो कार शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पटेल मोटर से चोरो ने साढ़े लाख नगद तो पास ही टाटा शोरूम से तीस हज़ार नगद राशि चोरी कर ले गए हैं। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगालकर चोरो का पता लगाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार चोरी की वारदात जावरा रोड स्थित मारुति और टाटा के शोरूम पर हुई है। मारुति के शोरूम पटेल मोटर्स पर चोर पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे। सूत्रों की माने तो चोर यहां से तिजोरी में रखे करीब 8.5 लाख रुपए चोरी कर ले गए।

**पास के शो रूम में 30 हजार की चोरी**–पटेल मोटर्स के पास स्थित टाटा शोरूम पर भी चोरों ने वारदात का अंजाम दिया। चोर यहां पर आगे के रास्ते से ही अंदर गए। बताया जा रहा है कि चोर यहां दराज में रखे 30 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार ने सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया सहित आईए, माणकचौक और दिनदयाल नगर थाना के टीआई को मौके पर भेजा और चोरो का पता लगाने के निर्देश दिए। मौके पर फिंगरप्रिंट लेने के लिए भी टीम बुलाई गई। पुलिस दोनों शोरूम पर फिंगरप्रिंट लेने का प्रयास कर रही है। इधर पुलिस की टीमें क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर भी चोरो का पता लगाने की कोशिश कर रही है।




## तीन दुकानों में चोरी, नगदी ले गये

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाराणा प्रताप बस स्टैंड के समीप नयापुरा रोड स्थित तीन दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया। यहां से नकदी चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने बुरहानी टिम्बर एंड प्लायवुड, सैफी प्लायवुड एंड हार्डवेयर और मोहनसीन अली कमर अली साबुवाला की दुकान पर चोरी की वारदात की। ताला तोडकर चोर अंदर घुसे। यहां सभी दुकानों से दो से पांच हजार रुपए तक नकदी ले गए। इसके अलावा करीब दस हजार का नुकसान एक दुकान में हुआ। आरोपियों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामले में पुलिस जांच जारी हैं।

# जिला कांग्रेस में बदलाव होना तय, भाजपा की सक्रिय टीम से मुकाबला कर पाएंगे.. ?

**मंदसौर/उज्जैन, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव हो गया। नएअध्यक्ष जीतू पटवारी ने पुराना हो जाने के बाद भी अपनी नई कार्यकारिणी का कार्य विभाजन कर दिया। कार्यकर्ता और आम कांग्रेस के पक्षधर जनमत को उम्मीद थी कि एकदम नई कार्यकारिणी होगी। पर ऐसा न होकर वैसा ही हुआ है जैसा सोचा जा रहा था कि दिग्विजय सिंह के समर्थकों का वर्चस्व रहेगा, तो यही नजर आया है। दूसरी तरफ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में अपने समर्थकों की भर्ती नहीं कर पाए हैं। यह जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस सुधार की ओर बढ़ता हुआ संगठन बनने की राह पर है। जिलों में पर्यवेक्षकों के दौरे जारी हैं। सभी की रिपोर्ट आने पर नामो की घोषणा कर दी जाएगी।

जीतू पटवारी की कार्यकारिणी ने एक मैसेज जरूर दे दिया है कि जब प्रदेश अध्यक्ष ने खुद प्रदेश कार्यकारिणी में मात्र एक करीबी को पद दिया है तो जिलों के पर्यवेक्षकों को एक तरह की चेतावनी है कि जब मैने खुद संगठन को बेहतर बनाने के लिए पदों से अपने मित्रों को दूर रखा है, तब जिला पर्यवेक्षक भी ऐसा ही करें, और भेदभाव से दूर रहें। मंदसौर जिला संगठन प्रभारी जयवर्धन सिंह के दौरे में भी कांग्रेस संगठन स्तर के लिए नई चयन प्रणाली नजर आई। देखकर ऐसा लगा कि कांग्रेस ने जिलों में समर्पित और जन सेवा करने वालों कार्यकर्ताओं को पहचानने के लिए अलग से सामाजिक कार्यकर्ताओं को अदृश्य रहकर सूचना संकलन में लगा रखा है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि पिपलिया मंडी के कार्यक्रम में जयवर्धन ने अपने संबोधन के दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष ऋतिक पटेल को सार्वजनिक यह कहकर मंच पर बुलाया कि आपकी एनएसयूआई टीम अच्छा काम कर रही है। ना एनएसयूआई वालों को ना ही किसी अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि ऐसा भी जयवर्धन सिंह करेंगे। साफ है कि जिला पर्यवेक्षक सही कार्यकर्ता का चयन करने के लिए अपने स्तर पर अदृश्य कार्यकर्ता तैनात कर चुके हैं। जो उन्हें रिपोर्ट कर रहा है कि कौन कांग्रेस के लिए जन आधार बढ़ाने का काम कर रहे हैं और कौन कांग्रेस की आड़ में अपनी झांकी बाजी की व्यवस्थाए जुटाने में सक्रिय है।



चन्द्रमोहन भगत

यह भी की प्रदेश की नई कार्यकारिणी भी अब अपने तरीके अपना कर नए तरीके से कांग्रेस संगठन के लिए काम करेगी। कैसे और क्या करेगी, यह समय बताएगा। समीक्षक भी तभी तय कर पाएंगे कि प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी भी कांग्रेस की जनसाख बढ़ा पाएगी या खुद को ही निखार कर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को नजरअंदाज करेंगे।

जिला कांग्रेस को अगर प्रभारी जयवर्धन सिंह सक्रिय और ऊर्जा से भरे पदाधिकारी की टीम बनाना चाहते हैं तो सिफारिशों को नजरअंदाज कर पारखियों की तरह कांग्रेसियों की भीड़ से नग छांटना पड़ेंगे। ऐसा ही करते नजर आ रहे हैं। कर पाएंगे यह जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा के बाद पता चलेगा। इसी प्रक्रिया के दौरान एक गंभीर विषय भी सतह पर तैर रहा है कि जिले को चलाने के लिए जिला अध्यक्ष की अर्थ हैसियत भी पैमाना हो सकती है। क्योंकि, कांग्रेस संगठन वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है। तमाम पहलुओं से परखते हुए पर्यवेक्षक किसे लायक मानेंगे, यह समय के गर्भ में है। पर दरकार अनुशासित, सक्रिय युवा से मध्यम उम्र के जुझारू कार्यकर्ता की है जो भाजपा की सक्रिय अनुशासित टीम से विपरीत परिस्थितियों में स्पर्धा कर सके।

# कथा सुनने के बाद भी यदि संस्कार नहीं आए तो कथा श्रवण करना बेकार है-आचार्य रामानुजजी

## अग्रवाल समाज देशी पंचायत एवं धनोतिया परिवार द्वारा एक कन्या के विवाह की स्वीकृति दी, नौ दिवसीय श्रीराम कथा का विराम आज, भक्तगण कथा का लाभ लेवे




मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। श्री हरिकथा आयोजन समिति के तत्वावधान में आचार्य श्री रामानुजजी के मुखारविंद से आठवें दिन की कथा का श्रधालुओ ने श्रवण किया। कथा श्रवण करने बडी संख्या में श्रद्धालु कथा मंडप में मौजूद थे। कथा श्रवण कराते हुए आचार्यश्री ने कहा कि मनोकामना पूरी करते करते-करते सद्गुरु मन को राम की और लगा देते हैं। गुरु की करुणा जीवन की सभी समस्याओं का समाधान कर देती है केवल शिष्य में श्रद्धा होनी चाहिए क्योकि शिष्य की श्रद्धा गुरु की चेतना को करुणा में परिवर्तित करती है। परन्तु यदि अधूरा विश्वास लेकर चावल के चंद दानों से भगवान को खरीदने निकलोगे तो भगवान नही मिलेगा लेकिन विश्वास के साथ पत्थर में भी भगवान मिल जाएंगे।

आचार्य श्री ने रामकथा में माता सीता और भगवान राम के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक पुरुष के लिए जीवन की परीक्षा का नाम है अपनी बेटी की बिदाई। संकल्प लेना किं किसी का सन्मान ना कर सको तो कोई बात नही लेकिन किसी का अपमान मत करना जिस व्यक्ति का अपमान करोगे वह तो हो सकता है माफ कर दे लेकिन उसकी बेटी कभी माफ नही करेगी। 9 दिन कि कथा सुनने के बाद भी यदि संस्कार नही आए तो कथा श्रवण करना बेकार है। 21 कन्याओं के विवाह के संकल्प में अग्रवाल समाज देसी पंचायत मंदसौर एवं राजेन्द्र धनोतिया (इंदु यातायात) परिवार द्वारा एक कन्या के विवाह की स्वीकृति पूज्य गुरुदेव को सानिध्य में प्रदान की गई। समिति द्वारा समाज के अध्यक्ष आशीष गुप्ता का दुपट्टा ओढकर सम्मान किया। आचार्य श्री ने कहा कि इस संसार मे हर व्यक्ति बहुमुल्य है लेकिन अधर्म के साथ रहकर राजसत्ता का सुख प्राप्त करोगे तो पूरी प्रजा अधर्म पर चलेगी। प्रेम और करुणा का धागा रक्षा करने का संकल्प लेता है गठान माया और मोह में लगती है आप खींचो तो धागा टूटेगा लेकिन कोई एक हाथ छोड दे तो विवाद समाप्त हो जाता है। आचार्यश्री ने कहा कि जिस दिन सदकर्म करने का संकल्प जगे समझना आपको स्वयं प्रभु राम ने मुहूर्त दे दिया है। जब लड्ने के लिए कोई महुर्त नही निकलवाया तो सदकर्म के लिए मुहूर्त का इंतजार क्यो करना, जब मन हो जाये राम को याद कर लो, उनके गीत गा लेना चाहिए, सदकर्म कर लेना चाहिए। विरोध को दबाकर नही विरोध सुलझाकर रामराज्य आता है। आठवें दिवस की कथा विराम के पश्चात श्री हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने 21 कन्याओ के नि:शुल्क विवाह के संकल्प में अपनी भागीदारी करने का आव्हान किया और कहा कि 6 कन्याओ के विवाह की स्वीकृति समिति को मिल चुकी है। 12 धर्म के माता पिता यजमान के रूप में अपनी स्वीकृति दे चुके हैं। हर व्यक्ति इस पुनीत संकल्प में अपने भाव समाहित करें । संचालन ब्रजेश जोशी, लोकेश पालीवाल ने किया।

आठवे दिवस के यजमान सूरजमल गर्ग, सुशीला महेंद्र गर्ग, ममता सुभाष गर्ग, पूजा मुकेश गर्ग, आस्था प्रिंस गर्ग, शुभी अमन गर्ग, भोजन प्रसादी के लाभार्थी अजित दुग्गड़, राजेश दुग्गड, अनिल दुग्गड, कलश ज्वेलर्स परिवार, प्रसाद के लाभार्थी महाराणा प्रताप संगठन एवं जय माता दी ग्रुप, अग्रवाल समाज देशी पंचायत के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कल्याणमल अग्रवाल चौधरी परिवार, डॉ प्रवीण भोज, डॉ मिशिका भोज मालवा हॉस्पिटल, कैलाशचंद्र प्यारचंद्र सोमानी परिवार, भाजपा नेता विजय सुराणा, डॉ प्रदीप चेलावत, राजेन्द्र पोरवाल, रत्नेश कुदार, शिवप्रताप सिंह राणावत परिवार, राजेन्द्र धनोतिया परिवार, जगदीश गर्ग बीआर, मोहनलाल गोयल परिवार, गौरांग पड्यािर नितिन पडियार राणापुर, विक्रम मूंदड़ा, अशोक अग्रवाल, विनोद मांदलिया, ओम सेठिया, डॉ प्रिति पालसिंह राणा, अशोक त्रिपाठी, जय माता दी ग्रुप, श्री तलाइवाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट, श्री चारभुजा नाथ पंच माहेश्वरीयान ट्रस्ट, माहेश्वरी समाज, महासभा, अग्रवाल समाज, सांवरिया मित्र मंडल, दशपुर लाफ्टर क्लब, दशपुर जाग्रति संगठन, याराना ग्रुप, दवाई वाले बालाजी मित्र मंडल, स्वदेसी जागरण मंच, नीमा समाज, समेत विभिन्न समाज गणमान्य जनों ने पोथीजी का पूजन, आरती का लाभ लिया।



## विकासखंड स्तरीय स्काउट/गाइड द्वितीय सोपान जांच शिविर का समापन

मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंदसौर के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार स्काउट गाइड के पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि राज्य स्काउट गाइड भोपाल उपाध्यक्ष एवं बाल किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्रीमती दीपिका अंशुल बैरागी, नगर परिषद के उपाध्यक्ष सुमित रावत, सभापति विवेक सोनगरा, जिला सचिव स्काउट गाइड सलमा शाह, विकासखंड स्काउट कमिश्नर एम. एल. मालवीय के करकमलों द्वारा मां सरस्वती एवं लॉर्ड बेडन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को भारत स्काउट गाइड आंदोलन का ज्ञान, ध्वज शिष्टाचार, मार्च पास्ट, नियम, प्रतिज्ञा, बी.पी. सिक्स, सूर्य नमस्कार, पेट्रोल सिस्टम, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की गांठे और उनका प्रयोग, हस्तकला की वस्तुएं तथा गैजेट्स बनाना, ट्रैफिक सेंस, प्रकृति अध्ययन आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई गई और श्रेष्ठ छात्रों का चयन किया गया।

उक्त शिविर में विकासखंड के शासकीय अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन मे भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समस्त प्रतिभागियों को सेवा भावना से कार्य करने एवं स्काउट गाइड के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवं सेवानिवृत शिक्षक म गोद गोविंद कुमार सांवरा गिरधारी लाल भावसार भूपेंद्र कुमार राजगुरु स्काउट प्रभारी किशोर दास बैरागी शाह प्रभारी शैलेंद्र सिंह पंवार नरेंद्रकुमार द्विवेदी, नरेंद्र सिंह सिसोदिया, सहित प्रशिक्षण प्रभारी ने प्रशिक्षण दिया.। प्रशिक्षण की सफलता हेतु सीतामऊ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य भारतीय सोनी एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत शिक्षक गोविंद कुमार सांवरा ने किया एवं आभार प्रदर्शन सहायक स्काउट प्रभारी शैलेंद्र सिंह पंवार ने किया।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत टीम ने किया स्कूलों में भ्रमण



मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। कार्यालय आयुक्त उच्चशिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार 'कॉलेज चलो अभियान' सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी पी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूली बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत फीडर स्कूलों में महाविद्यालय की टीम जाकर इसका प्रचार-प्रसार कर रही है। इस अभियान के महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी डॉ. जे.एल. आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को डॉ. प्रकाश चंद सती एवं प्रो सचिन शर्मा ने वात्सल्य पब्लिक स्कूल मंदसौर एवं सुभाष इंग्लिश मीडियम स्कूल मंदसौर में जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न जानकारियां पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। टीम ने स्कूली विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया तथा संचालित हो रहे विभिन्न स्ववितीय एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं से अवगत कराया। साथ ही, छात्रवृत्ति एवं शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं की जानकारियां दीं। महाविद्यालय में एन.सी.सी., एन.एस.एस., खेल गतिविधियों तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उक्त अभियान में सुभाष इंग्लिश मीडियम स्कूल मंदसौर के प्राचार्य श्री विक्रम भटनागर एवं श्री वीरेंद्र सिंह चंद्रावत एवं वात्सल्य पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री अविनाश श्रीवास्तव एवं श्री पंकज गुप्ता तथा उनकी टीम ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला पंचायत नीमच के सीईओ श्री अरविंद डामोर ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मनरेगा, पंचायत प्रकोष्ठ, स्वच्छत भारत मिशन, सीएम हेल्प लाईन, प्रधानमंत्री आवास, वाटरशेड परियोजना आदि योजनाओं की समीक्षा के दौरान योजनाओं में प्रगति लाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलापचायत सीईओ श्री रविंद डमोर ने जनकल्याण अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदन ,आयुष्मान कार्ड, निर्माण श्रमिक कार्ड, संबल, पेंशन, दिव्यांग, भवन अनुज्ञा पत्र आदि के प्राप्त आवेदन का समय सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए उन्होंने, आयुष्मान कार्ड का महाभियान के तहत 14 जनवरी 2025 को प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर शिविरआयोजित करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए, । जिला पंचायत सीईओ ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गॉवो में जो सी.सी रोड मरम्मत होना थी वह मरम्मत की गई है या नही इसकी जानकारी गूगलशीट में अपडेट करने, गॉव में टी.बी. मरीजों को शासन निर्देशानुसार किट उपलब्ध करवाने, आनंद उत्सव का आयोजन 14 जनवरी 2025 से सभी ग्राम पंचायतों करने , वाटर शेड परियोजना के तहत प्रस्तावति एनआरएम के कार्य, उत्पादन मद के कार्य लक्ष्य अनुसार तकनीकि एवं प्रशासकीय स्वीक़ृति जारी करवाने, खुले ट्यूबवेलों को बंद करवाने , शान्तिधाम का सोन्दर्यीकरण, मनरेगा के तहत लेबर नियोजन, आंगनवाडी कार्यो को पूर्ण करने, पूर्णता का प्रतिशत बढ़ाने, सीएम हेल्प लाईन की सेक्टर वार समीक्षा कर सीएम हेल्पलाईन का अधिक से अधिक निराकरण करवाने के निर्देश एडीओ, पीसीओ ओर सेक्टर उपयंत्री को दिए। बैठक में सीईओ जनपद श्री राजेंद्र पालनपुरे, श्री आकाश धार्वे, परियोजना अधिकारी जि.पं. सहायक यंत्री, उपयंत्री, एडीओ, पीसीओ एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत

नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक आदि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते द्वारा किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु अपने अभिभाषकों से सम्पर्क करें व सम्बन्धित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

## एमएलबी कन्या उमावि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव सम्पन्न



मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय मन्दसौर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ विधायक श्री विपिन जैन व नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी गुर्जर के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने छात्राओं को प्रेरक उद्बोधन दिया।

संस्था की बालिकाओं ने पौराणिक एवं अन्य विषयों पर अत्यंत मनोहारी नृत्य, नाटक प्रस्तुत किये जिन्हें देखकर छात्रों अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। जिनमें से कुछ प्रस्तुतियां जिसमें से कन्या भ्रूण हत्या और राष्ट्रभाषा हिंदी का महत्व और बाल विवाह दहेज प्रथा आदि विषयों के माध्यम से समाज को सही दिशा निर्देश देने का कार्य किया है। द्वितीय दिवस पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें समाजसेवी श्री नागेश्वर सोनी, श्री पवन सोनी, इनव्हील क्लब मंदसौर दशपुर की अध्यक्षा श्रीमती मेघा पोरवाल, सचिव श्रीमती सोनम मेहता, समाजसेवी सत्यनारायण गोयल आदि अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। क्लब अध्यक्ष श्रीमती मेघा पोरवाल ने संस्था को 20 काठियावाडी गरबा ड्रेस, 500 सेनेटरी पैड, पेड डिस्पोज मशीन और एक प्रोजेक्टर आदि की सौगात दी गई। साथ ही भविष्य में भी बालिकाओंकी सहायता का आश्वासन दिया। क्लब द्वारा समय-समय पर बालिका जागरूकता के सेमिनार की आयोजित किए जाते हैं। वार्षिकोत्सव प्राचार्य श्री के सी सोलंकी के निर्देशन में संपन्न हुआ। श्री हामिद खान जैदी ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। संचालन श्री कुंदन सांखला और छात्र संघ अध्यक्षा कु. नेहा सुरावत ने किया। श्रीमती रेणुका आचार्य ने आभार प्रदर्शन किया।

## मन्दसौर सीए शाखा के चुनाव 25 को

मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। आईसीएआई की मंदसौर शाखा के चुनाव 25 जनवरी, शनिवार को होंगे। सीए शाखा मंदसौर के चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने बताया कि चार वर्षीय कार्यकाल 2025 से 2029 हेतु छ: सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया आईसीएआई की गाइड लाइन अनुसार प्रारंभ कर दी है। चुनाव अधिकारी सीए राजेश जैन ने बताया कि नामांकन फार्म 15 जनवरी दोप. 1 बजे तक शाखा परिसर में दाखिल किये जा सकते है। फार्म वापसी की तारीख 19 जनवरी रहेगी। चुनाव 25 जनवरी को होंगे।



## एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में मेला सम्पन्न

सेमलियाकाजी, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सेमलिया काजी में चडछमेले का हुआ आयोजन। आयोजन में स्कूल के छात्रों ने अलग अलग तरह की दुकाने लगाई जिसमे छात्रों एवं ग्रामीणों ने सामान खरीदा। जिसमे छात्रों ने सामान ख़रीदा। प्रधानाध्यापक नन्दराम सोलंकी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्कूल में ऋब्छमेले का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने दुकानें लगाकर सामान बेचा। मेले में ग्रामीणजन व महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। स्कूल के अध्यापक मांगीलाल परिहार , शशिकांत बैरागी, प्रकाशचन्द्र सोलंकी, विजेंद्र सिंह पंवार उपस्थित थे।

## प्रसंग - स्वामी विवेकानंद जयंती...

# आध्यात्मिक जगत के मेरुमणि स्वामी विवेकानंद

मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। 12 जनवरी 1863 को श्री विश्वनाथ दत्त के घर में जन्म लेने वाले इस बालक नरेन्द्र के बारे में कभी किसी ने सोचा नहीं होगा कि यह बालक एक दिन भारत का भाग्य विधाता बन जायेगा जो सदियों से सुप्त पडे भारतीय समाज को उसका खोया हुआ आत्मसम्मान न केवल स्मरण करायेगा बल्कि भारत की पहचान पूरे विश्व के सामने एक ऐसे समर्थ भारत के रूप में कराऐगा जिसके दर्शन, जिसके विचार और जिसकी आध्यात्मिक शक्ति के आगे सारी दुनिया नतमस्तक होगी। स्वामी विवेकानंद नाम लेते ही एक ऐसे ओजस्वी, तेजस्वी और स्वाभिमानी व्यक्तित्व का चित्र हमारे मन मस्तिष्क पर अवतरित होता है जो निरंतर प्रेरणा देता है, सतत आह्वान करता है देश के लिये कुछ करने का, भारतीय संस्कृति की विशालता को अंगीकार करने का और उसकी संपूर्ण विश्व में श्रेष्ठता प्रतिपादित करने का। उन्नत ललाट और सिर पर बंधी भारतीय पगडी वाले स्वामी विवेकानंद के चित्र हर पीढी के व्यक्ति के अंतर्मन को उद्वेलित करते हैं। स्वामी विवेकानंद के चित्रों में प्रदर्शित उनकी भावपूर्ण आंखें हर युवा में उस पौरूष को मानो खोजती प्रतीत होती हैं जो स्वामी विवेकानंद के भारत को विश्व गुरू की पदवी पर आसीन देखना चाहता है अपनी पूरी श्रेष्ठता के साथ और अपनी सांस्कृतिक विशालता के साथ। शिकागो में विश्वधर्म सम्मेलन में भाग लेने जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी रूडकी के महाराज ने स्वामी विवकानेद पर भरोसा प्रदर्शित करते हुए आने जाने की व्यवस्था की और उसके बाद विश्व धर्म सम्मेलन में जो कुछ हुआ वह हमारे भारतीय इतिहास की अमूल्य थाती है। चार सालों तक विदेशी धरती पर भारतीय धर्म और दर्शन की विजय पताका फहरा कर जब विवेकानंद भारत लौटे तो उनसे पहले उनकी ख्याति यहाँ पहुँच चुकी थी और संपूर्ण भारतवर्ष अपने इस नायक का स्वागत करने को आतुर था। अमेरिका में उनके विचारों से प्रभावित होर जब एक प्रोफेसर उनके पास पहुँचे और कहा कि स्वामी जी मुझे हिन्दु धर्म की दीक्षा दे दीजिये तो स्वामी विवेकानंद ने उन्हे कहा कि मैं भारत से यहाँ कोई धर्म परिवर्तन करने के लिये नहीं आया हूँ बल्कि यह समझाने आया हूँ कि भारतीय संस्कृति विश्व बंधुत्व का विचार रखने वाली संस्कृति है और यही उसकी महानता का भाव है। उन्होने अमेरिकी धर्म प्रचारकों से आहवान भी किया कि वे अपने धर्म परिवर्तन के लिये चलाए जा रहे अभियान को रोक दें। इसके पूर्व जब ईश्वर को प्रत्यक्ष देखने की चाहत उन्हे कई सन्यासियों और धर्म प्रवर्तकों के रास्ते से होते हुए सन 1881 में स्वामी रामकृष्ण परमहंस के पास ले गई तभी नियति ने कुछ ऐसा रच दिया था कि नरेन्द्र का विवेकानंद बनना तय हो गया था। नरेन्द्र को पहली बार ऐसा कोई व्यक्ति रामकृष्ण परमहंस के रूप में मिला था जिसने उनके इस प्रश्न पर कि क्या आपने ईश्वर को देखा है? का उत्तर हाँ में दिया था। रामकृष्ण भी जैसे विवेकानंद का ही इंतजार कर रहे थे अपनी संपूर्ण अर्जित आध्यात्मिक शक्ति उन्होने नरेन्द्र को सौंप दी जैसे ही रामकृशण परमहंस ने विवेकानंद के सिर पर हाथ रखा ऐसा लगा कि जैसे किसी विद्युत प्रवाह ने नरेन्द्र के शरीर में प्रवेश किया हो बस यहीं से नरेन्द्र विवेकानंद बन गए। उन्होने धर्म को मनुष्य, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिये स्वीकार किया। उन्होने संपूर्ण भारतका भ्रमण किया और देश की सुप्त पडी चेतना को जागृत करने का संकल्प लिया। उन्होने कहा कि हम आत्मा को देख नहीं सकते किन्तु अनुभव कर सकते हैं। आत्मा जगत के सर्वत्र में व्याप्त है और संसार का निर्माण भी उसी से होता है और उसी में वह विलीन हो जाता है। उन्होने वेदांत जैसे गूढ विषय को विभिन्न योगों के माध्यम से समझाने का प्रयत्न किया। राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग, प्रेम योग जैसे ग्रंथों की उन्होने रचना की और रामकृशण मिशन की स्थापना की। स्वामी विवेकानंद करोडों युवाओं के लिये प्रेरणा पुरूश बन गये थे एक युवा सन्यासी ने देश की दिशा बदल कर रख दी थी उनके समकालीन भी उनकी आध्यात्मिक प्रतिभा के कायल थे। उन्होने धर्म को पूजा पाठ और धार्मिक आडंबरों से निकालने का आह्वान करते हुए उसे राष्ट्र के साथ जोडने का, देश के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का आहवान किया। पराधीन भारतीय समाज को उन्होने स्वार्थ, प्रमाद और कायरता की नींद से झकझोर कर जगाया और अशिक्षा, अज्ञानता, गरीबी और भूख से लडने हेतु प्रवृत किया। रामकृष्ण मिशन के माध्यम से दीन दुखियों की सेवा का उनके द्वारा प्रारम्भ किया गया अभियान आज भी जारी है। वास्तव में स्वामी विवेकानंद भारतीय समाज में एक ऐसे युगदृष्टा की भांति हुए जिन्होने अपने संक्षिप्त जीवन काल मात्र 39 वर्ष की आयु में इस देश को ही नहीं बल्कि इस सारे विश्व को ऐसा ज्ञान दिया हे जो अमिट है, अजर अमर हैं। उनके विचार भारतीय जनमानस को उद्वेलित करते हैं। कन्याकुमारी में समुद्र के बीच खडा उनका स्मारक प्रत्येक भारतवासी के लिये प्रेरणा का स्थायी स्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद जैसा कालजयी व्यक्ति जिसने अपने सम्पूर्ण जीवन को गुरूभक्ति, देशभक्ति, के साथ नर सेवा नारायण सेवा के जिस विराट संकल्प के साथ जिया और भारतीय संस्कृति के ध्वज को जिस तरह थाम कर रखा वह लाखों करोडों युवाओं के लिये सदैव प्रेरणा का मंत्र बना रहेगा। आज बहुत बडी संख्या में युवा इस देश को विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेकर भारतीय समाज जीवन में कार्य कर रहे हैं तो स्वामी विवेकानंद के दीन दुखियों की सेवा के संकल्प को पूरा करने के लिये उन्हे अपना आदर्श मानते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिये समाज का बहुत बडा और प्रतिष्ठित वर्ग पृवृत हैं। स्वामी विवेकानंद के इस जन्मदिवस पर उनके इस आहवान का स्मरण करना प्रासंगिक होगा जिसमें उन्होने कहा है कि उठो, जागो और तब तक बढते रहो जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो। भारत के आध्यात्मिक जगत के मेरूमणि स्वामी विवेकानंद सदैव प्रासंगिक रहेंगे। पुण्य स्मरण।





डॉ. क्षितिज पुरोहित

## मप्र केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष वर्मा का स्वागत

पिपलियामंडी, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष (केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) नंदकिशोर वर्मा का जोधपुर प्रवास के दौरान पिपलिया में सेन समाजजन ने स्वागत् किया। उनके साथ केंद्रीय सेन समिति इंदौर के अध्यक्ष निलेश सेन, बड़वानी भारतीय सेन समाज युवा संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष भोला सेन थे। समाजजनों ने शॉल, श्रीफल, पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पिपलियामंडी मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण गंगवाल, भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय महामंत्री श्यामलाल बोराना, मल्हारगढ तहसील युवा सेन समाज अध्यक्ष शैलेंद्र गहलोत, हरिनंदन बोराना, अनिल बोराना, सुरेश बोराना, दिनेश बोराना, अजय बोराना, यश बोराना, मनोहर बोराना, ओमप्रकाश परमार, लाला परमार, वरदीचंद पाटीदार, सुरेश डूंगरवाल, मोहनसिंह चौहान, प्रहलाद पाटीदार, ईश्वरलाल परमार, श्याम परमार आदि मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब भानपुरा के चुनाव सम्पन्न, रुद्रवाल अध्यक्ष बने

भानपुरा, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। स्थानीय प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव 10 जनवरी को सम्पन्न हुए। उसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष पद पर लालचंद रुद्रवाल चुने गये। साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष दिनेश छालीवाल, सचिव अमित हरसोला, कोषाध्यक्ष विपीन सेठी, कार्यालय प्रभारी करण भुटानी चुने गए। प्रेस क्लब संरक्षक अनिल नाहर व हरिकृष्ण मरमट नियुक्त किए गये साथ ही कार्यकारणी में जयंत जोशी व विजय रत्नावत को लिया गया है। नव नियुक्त अध्यक्ष लालचंद्र रुद्रवाल सनातन धर्म मण्डल के पुर्व अध्यक्ष व स्थानीय सुर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के मिडिया प्रभारी व प्रवक्ता है। साथ ही नगर कि अन्य कई संस्थाओ में कार्य कर चुके है। अपने अध्यक्ष चुने जाने पर रुद्रवाल ने कहा कि प्रेस क्लब व पत्रकारों का हित सर्वोपरि है सकारात्मक भुमिका से पत्रकारों के मान सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहुगां। साथ ही भविष्य में प्रेस क्लब को सर्वसुविधायुक्त बनाना सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से यह मेरी प्राथमिकता है। अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों का आभार मानते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा।



## सभी शाखा प्रबंधक एवं पैक्स, किसानों के साथ आउटरीच कार्यक्रम करें-चन्द्रा

### सभी संस्थाएं बकाया वसूली करे, एनपीए कम करें, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाखाओं, पैक्स सोसायटी की समीक्षा



नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला केंद्रीय सहाकारी बैंक की सभी शाखाओं के प्रबंधक, सोसायटी (पैक्स1) के प्रबंधक किसानों के साथ आउटरीच कार्यक्रम कर, किसानों तक अपनी पहुंच बढ़ाए। सभी शाखाएं गत मार्च 2024 की तुलना में इस साल अपने नए ग्राहको की संख्या 15 प्रतिशत तक बढ़ाए। साथ ही नवीन बैंक खाते ग्राहकों के खोलकर जमा राशि बढ़ाए, जिससे बैंकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।

यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों और सोसायटी के प्रबंधकों की बैठक में समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के क्षैत्रीय प्रबंधक श्री आर.पी.नागदा, सहायक आयुक्त सहकारिता श्री राजू डाबर, सभी सहकारिता निरीक्षक एवं अंकेक्षक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने बैंक शाखा वार, पशु पालकों को के सी.सी. जारी करने की समीक्षा करते हुए, निर्देश दिए, कि आगामी अप्रैल 2025 तक सभी बैंक शाखाए नए 10 हजार संस्था किसान सदस्ये पशु पालको को के सी.सी. जारी करे। कलेक्टर ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को पुराने बकाया ऋणों की शत-प्रतिशत वसूली करने तथा इस वर्ष के नवीन ऋणों की 95 प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 70 प्रतिशत से कम बकाया वसूली करने वाले शाखा प्रबंधकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि कोई भी शाखा प्रबंधक इस वित्तीय वर्ष में 95 प्रतिशत से कम वसूली ना करे, यह सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने बैंक शाखा वार किसानों को कृषि ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि अधिकाधिक किसानों को कृषि ऋण प्रदान करे। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को प्रतिमाह पांच-पांच किसानों का कृषि टर्म लोन स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सोसायटी स्तर पर आयोजित होने वाली कृषि संगोष्ठी में अधिकाधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों को भी संगोष्ठी में उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन: संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि की त्रिवेणी



युवाओं की मेधा, शक्ति को जाग्रत करने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' विवेकानंद जी युवाओं को आशा और उम्मीद से देखते थे और युवा पीढ़ी को परिवर्तन का अग्रदूत मानते थे। स्वामी जी के लिये राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा कि 'अभिनव भारत को जो कुछ कहना था, वह विवेकानंद के मुख से उद्घोषित हुआ। अभिनव भारत को जिस दिशा में जाना था, उसका स्पष्ट संदेश विवेकानंद ने दिया। विवेकानंद वह सेतु हैं जिस पर प्राचीन और नवीन भारत परस्पर आलिंगन करते हैं। युवा शक्ति को राष्ट्र की मूलभूत चेतना और समाज निर्माण की ऊर्जा मानने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर उनके चरणों में शत-शत नमन।

हमारे मार्गदर्शक यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी की क्षमता को जाना, समझा और ज्ञान (GYAN) पर ध्यान का मार्गदर्शन दिया। इसमें 'जी' से गरीब, 'वाय' से युवा, 'ए' से अन्नदाता और 'एन' से नारी कल्याण की बात कही। उन्होंने युवाओं के लिये अनुशासन, शील, सकारात्मकता, कौशल क्षमता और प्रतिभा के विकास का आह्वान किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम मध्यप्रदेश में आज से 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' की शुरुआत कर रहे हैं। हमने इस मिशन को 'ज्ञान (GYAN) पर ध्यान' और मध्यप्रदेश की 'युवा नीति-2023' को केन्द्र में रखकर आकार दिया है। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोज़गार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिये है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास है।

हमने युवाओं के विकास के लिये विभिन्न मोर्चों पर काम शुरू किया है। युवाओं के लिये विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये 55 पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शुरू किये गये हैं। चिकित्सा शिक्षा के लिये आयुर्वेदिक, एलोपैथिक और होम्योपैथिक तीनों क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। विगत वर्ष हमने तीन मेडिकल कॉलेज शुरू किये हैं। मुझे यह बताते हुए आनंद है कि पीपीपी मोड पर 2 साल में 25 नये मेडिकल कॉलेज आरंभ किये जायेंगे। औद्योगिकरण में रोज़गारपरक व्यवस्थाओं के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का बड़ा आधार युवा शक्ति है। रीवा, उज्जैन, सहित अन्य आईटी पार्कों के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोज़गार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना से रोज़गार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा, युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी। युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। युवा शक्ति मिशन 'आत्म दीपो भव:' का घोष है। युवाओं के विकास और निर्माण के लिये जिन पक्षों को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है, वर्षों पूर्व स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं की इसी क्षमता और मेधा को लेकर आह्वान किया था 'आत्म दीपो भव:' अर्थात् अपना दीप स्वयं बनो। स्वयं अपने मार्गदर्शक बनो। युवाओं की ऊर्जा के सकारात्मक भाव से ही राष्ट्र की सुरक्षा, समृद्धि के साथ विकास आकार ले सकता है। यह युवाओं की श्रम साधना और कौशल उन्नयन से संभव है। प्रधानमंत्री जी ने युवा समूह के लिये समुचित प्रोत्साहन की आवश्यकता बताई। यह सुखद संयोग है कि भारत में 15 से 29 वर्ष के युवाओं की संख्या 27.03 प्रतिशत है। यदि युवा सक्षम हैं, सामर्थ्यवान हैं, आत्मनिर्भर हैं तो पूरा समाज और देश उन्नत होगा। स्वामी विवेकानंद जी की इसी बात को ध्यान में रखकर 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' के तहत युवाओं में शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा जैसे गुणों को विकसित किया जायेगा और उन्हें सक्षम बनाया जायेगा। इसमें युवाओं को नेतृत्ववान बनाने के लिये संसाधन और अवसर होंगे। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावसायिक कौशल से प्रशिक्षित कर उन्हें रोज़गार के लिये सक्षम बनाया जायेगा।

**मिशन के स्तंभ हैं–** संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि। संवाद से आत्मविश्वास और नेतृत्व की क्षमता विकसित होगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, क्षमता संवर्धन और कौशल विकास से सामर्थ्य विकसित होगा और सामर्थ्यवान युवा समृद्ध होगा। हमारे लिये यह हर्ष की बात है कि इस मिशन से युवा, स्वामी विवेकानंद जी के आह्वान को सार्थक करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। वे भगवान श्रीकृष्ण की तरह स्वयं दीप बनेंगे और समाज को भी अपनी ऊर्जा और क्षमता से उज्ज्वल करेंगे। स्वामी जी ने युवाओं के लिये कहा था कि 'आप भारतीय संस्कृति की विराट विरासत और



**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन**

परंपरा के उत्तराधिकारी हैं।' हम विरासत से विकास की अवधारणा को लेकर मध्यप्रदेश के विकास और निर्माण पथ पर अग्रसर हैं। मुझे विश्वास है कि यह मिशन युवाओं के सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल होगा। प्राचीन, सुसंस्कृत और चिर युवा भारत की यह त्रिवेणी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभायेगी। युवा अपने सपनों को साकार करें, स्वयं आगे बढ़ें और समाज, देश तथा प्रदेश को आगे बढ़ायें। मुझे संतोष है कि मध्यप्रदेश का युवा प्रदेश सरकार पर भरोसा करता है। इस मिशन से उनके जीवन में नया सूर्य उगे, उनका जीवन आलोकित हो और वे समाज के लिये रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों में सहभागी बनें। युवाओं को जाग्रत करने और भारतीय आध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी को पुनश्च नमन।

# एमपी में बिजली बिल देगा झटका, दरों में 7.52% की वृद्धि के आसार

**भोपाल, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं पर एक और बोझ पड़ने वाला है। डिस्कॉम को अतिरिक्त बिजली वापस लेने से 2000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का नुकसान होगा। इस नुकसान की भरपाई उपभोक्ताओं से 7.52% की बढ़ी हुई बिजली दरों के रूप में की जाएगी। यह सब वित्तीय वर्ष 2025-26 में होने की संभावना है। डिस्कॉम का कहना है कि उन्हें 1,446 करोड़ यूनिट से ज़्यादा बिजली वापस लेनी होगी। इसका मतलब है कि इतनी बिजली उपलब्ध होने के बावजूद इस्तेमाल नहीं की जाएगी। एमपी में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7.52% की टैरिफ वृद्धि का प्रस्ताव रखा है। इसका मुख्य कारण बिजली की अधिकता के चलते अतिरिक्त ऊर्जा को वापस लेने की लागत है। डिस्कॉम का कहना है कि उन्हें लगभग 1,446 करोड़ यूनिट बिजली वापस लेनी पड़ेगी, जिसकी कीमत 2000 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा है। यह बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। डिस्कॉम ने अपने एनुअल रेवेन्यू रिक्वायरमेंट (एआरआर) याचिका में यह जानकारी दी है।

**इन कारणों को माना जा रहा वजह–** डिस्कॉम ने बताया है कि बिजली खरीद की लागत कम न कर पाने के पीछे कई बेकाबू कारण हैं। इनमें से एक है नियत शुल्क का भुगतान। चाहे बिजली का उत्पादन कम हो या ज़्यादा बिजली खरीद समझौते (पीपीएएस) के अनुसार बिजली उत्पादकों को नियत शुल्क का भुगतान करना ही होता है। इसलिए भले ही अतिरिक्त बिजली का इस्तेमाल न हो, डिस्कॉम को उसके लिए भुगतान करना पड़ेगा।

**उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा बोझ–** एआरआर याचिका में डिस्कॉम ने बताया कि ओपन एक्सेस के कारण वापस ली जाने वाली बिजली की कीमत लगभग 1.44 रुपये प्रति यूनिट है। इस हिसाब से 1,446.4 करोड़ यूनिट बिजली के लिए डिस्कॉम को लगभग 2,082 करोड़ रुपये नियत शुल्क के रूप में चुकाने होंगे। यह राशि अंततः बढ़ी हुई बिजली दरों के रूप में उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी। इससे पहले से ही महंगी बिजली का बोझ झेल रहे उपभोक्ताओं पर और दबाव पड़ेगा।

**जानकारों का कहना–** विशेषज्ञों का मानना है कि डिस्कॉम को अपने बिजली खरीद समझौते की समीक्षा करनी चाहिए। इसके साथ ही अतिरिक्त ऊर्जा का प्रभावी ढंग से प्रबंधन सुनिश्चित करना चाहिए। मध्य प्रदेश जेन्को के सेवानिवृत्त अतिरिक्त चीफ इंजीनियर राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि प्रबंधन कंपनी और डिस्कॉम को महंगे बिजली खरीद समझौते की समीक्षा करनी चाहिए। जब भी संभव हो उत्तरी क्षेत्र से ऊर्जा सहित आवंटित नहीं किए गए केंद्रीय हिस्से को छोड़ देना चाहिए। अन्यथा, उन्हें मध्यम अवधि के द्विपक्षीय समझौतों द्वारा अतिरिक्त बिजली बेचने की संभावना तलाशनी चाहिए। क्योंकि अंततः यह लागत उपभोक्ताओं द्वारा वहन की जाती है जो पहले से ही उच्च टैरिफ का भुगतान कर रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए डिस्कॉम को दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधान खोजने की ज़रूरत है, ताकि उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

## स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस पर आज होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

## मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहनों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे

**नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज 12 जनवरी 2025 को कालापीपल, जिला- शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम में 'मुख्य मंत्री लाडली बहना योजना' की लाभार्थी महिलाओं को माह जनवरी 2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह दिसम्बर 2024 की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्त्ओं एवं गैर पीएम उज्व् ला योजना श्रेणी की लाडली बहना हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 की अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया जा रहा है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट द्वारा आज 12 जनवरी 2025 को दोपहर 01:30 बजे से किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में निम्न वेबकास्ट लिंक http://webcast.gov.in/mp/cmevents के माध्यम से सम्मिलित हो सकते है। इस कार्यक्रम का जिला नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तींर पर सीधा प्रसारण किया जावेगा।

## भागवत कथा में मना कृष्ण जन्मोत्सव

**पिपलियामंडी, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव बांसखेडी में हनुमान मंदिर में प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर भागवत कथा जारी है। शनिवार को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। ग्रामवासियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कमलाशंकर शास्त्री (धारियाखेड़ी) प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक था का वाचन कर रहे है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हो रहे है। कथा का समापन 14 जनवरी को होगा।



## उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर विद्यार्थियों के साथ मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव थीम पर अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 11 जनवरी को सामान्य वन मंडल मंदसौर के वन परिक्षेत्र मंदसौर अंतर्गत बीट बरदल के धुंधलेश्वर महादेव मंदिर कैम्पस में अनुभूति शिविर का आयोजन म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा तैयार की गई रूपरेखा एवं दिशा निर्देश अनुसार किया गया।

परिक्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के छात्र, छात्राओं, शिक्षकों के साथ मैंभीबाघ, हमहैंबदलाव थीम पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक बच्चों को केप, एवं अनुभूति पुस्तक का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित 116 छात्र- छात्राओं को ट्रेकिंग के दौरान वृक्ष प्रजाति की पहचान, पारिस्थितिकी तंत्र एवं खाद्य जाल में कीस्टोन प्रजाति के महत्व एवं विभिन्न वन्य प्राणियों के पदचिन्हों इत्यादि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अनुभूति के मास्टर ट्रेनर श्री राजकमल आर्य एवं अनिल कुमार जैन अशासकीय प्रेरक द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति भ्रमण में दूरबीन के माध्यम से पक्षी दर्शन कराया गया एवं वृक्षों की प्रजाति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चाय, नाश्ता, भोजन हेतु नोप्लास्टिकयूज को ध्यान में रखते हुए बायो डिग्रेबल प्लेटस एवं स्टील के बर्तनों का उपयोग किया गया। उपवनमंडलाधिकारी गरोठ श्रीमति सरोज रोज, वनपरिक्षेत्र अधिकारी मंदसौर श्री रतन सिंह सिंगोड़ द्वारा विद्यार्थीयो को वन एवं जैवविविधता के महत्व के संबंध में बताया गया। साथ ही वन स्टाफ श्री रघु राजसिंह सिसोदिया, श्री पुष्कर मालवीय द्वारा विद्यार्थियों को ट्रैकिंग के दौरान जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के रोचक खेल जैसे पहचान कौन आदि द्वारा बच्चों को वन्यप्राणी एवं उनके हमारे पारिस्थितिक तंत्र में महत्व के बारे में बताया गया। क्विज का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। पर्यावरण जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रुप मे श्री अनिल सिह देवडा रेवास देवड़ा सरपंच एवं श्रीमती निर्मला प्रधान प्रधान अध्यापक उत्कृष्ट विद्यालय उपस्थित रहे।

## कालिदास प्रसंग का आयोजन 15 से

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में जिला प्रशासन मंदसौर के सहयोग से कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन का कालिदास प्रसंग का गौरवपूर्ण आयोजन आगामी 15 व 16 जनवरी को मंदसौर के कुशा भाऊठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न होने जा रहा है।

अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे ने बताया कि महाकवि कालिदास वर्णित एवं अष्टमूर्ति श्री पशुपतिनाथ महादेव के ऐतिहासिक नगर मंदसौर में आयोजित कालिदास प्रसंग के अवसर पर आयोजित सारस्वत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 15 जनवरी की शाम 6:00 बजे उद्घाटन विधि के मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक धर्मस्व विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी होंगे। अध्यक्षता सांसद श्री सुधीर गुप्ता करेंगे। विशेष ओर विशिष्टअतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर होंगे। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी की शाम उद्घाटन विधि के पश्चात 7:00 बजे से महाकवि कालिदास द्वारा रचित ऋतुसंहार पर आधारित ओडीसी भारथनाट्यम ,कथक और मणिपुरी शैली में नृत्य नाटिका का आयोजन सुश्री शुभदा वराडकर और दल मुंबई द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही संस्कृति के विविध रंग के अंतर्गत नृत्य नाटिका तबला त्रिवेणी, गायन गिटार सिंथेसाइजर और बांसुरी वादन का आयोजन होगा जिसका निर्देशन श्री निशांत शर्मा मंदसौर द्वारा किया जाएगा। 16 जनवरी गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे से महाकवि कालिदास के साहित्य में सांस्कृतिक विमर्श विषय पर शोध संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें स्थानीय और देश-प्रदेश के प्रसिद्ध विद्वानों के द्वारा शोध पत्र पढ़े जाएंगे। साथ ही महाकवि कालिदास के साहित्य से अनु प्रेरित देश के वरिष्ठ कलाकारों द्वारा निर्मित कालिदास के सातों साहित्य पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी 15 व 16 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी सभी आयोजन कुशा भाऊऑडिटोरियम मंदसौर में होंगे। स्थानीय संयोजक ब्रजेश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी लोकेश पालीवाल, गायत्री प्रसाद शर्मा ,बंसीलाल टॉक ,राव विजय सिंह, जयेश नागर, डॉ.श्रीमती उर्मिला तोमर डॉ. निशा महाराणा ने नगर व अंचल के सभी संस्कृति साहित्य और संगीत प्रेमियों से दो दिवसीय कालिदास प्रसंग के सभी आयोजनों में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है। यह जानकारी स्थानीय संयोजक ब्रजेश जोशी ने दी है।

## परफ्यूम की बोतल फटी, हादसे में 4 लोग घायल

**मुंबई, 11 जनवरी।** क्या आपके परफ्यूम की बोतल की एक्सपायरी डेट निकल चुकी है? अगर हाँ, तो इस बोतल को सुरक्षित रूप से डिस्पोज कर दें। यह बेहद खतरनाक हो सकता है। अभी हाल ही में मुंबई के बाहरी इलाके नालासुपारा में एक परफ्यूम की बोतल फटने से एक परिवार के दो बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के सदस्य परफ्यूम की बोतल की एक्सपायरी डेट बदलने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, चूँकि यह एक ज्वलनशील तरल पदार्थ था, इसलिए यह तुरंत फट गया।

यह घटना रोशिनी अपार्टमेंट के 112वें घर में हुई। पुलिस ने बताया कि परिवार के सदस्य परफ्यूम की बोतल की एक्सपायरी डेट बदलने की कोशिश कर रहे थे, तभी यह धमाका हुआ। इस घटना में 41 वर्षीय महावीर वादर, 38 वर्षीय सुनीता वादर, और उनके बच्चे 9 वर्षीय कुमार हर्षवर्धन वादर और 14 वर्षीय कुमारी हर्षदा वादर घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के घरों के लोग दौड़े आए। बाद में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने घर की तलाशी ली। इस दौरान पता चला कि परफ्यूम की बोतल फट गई थी। आशंका जताई जा रही है कि आग का इस्तेमाल करके परफ्यूम की बोतल की एक्सपायरी डेट बदलने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से अब कई लोगों की चिंता बढ़ गई है। अगर परफ्यूम की बोतल की एक्सपायरी डेट निकल गई है, तो उसका इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इतना ही नहीं, तेज गर्मी, धूप या आग के पास परफ्यूम रखना खतरनाक है। सिर्फ परफ्यूम ही नहीं, एक्सपायर्ड कोई भी चीज इस्तेमाल करने लायक नहीं होती। इसलिए मुंबई पुलिस ने इस बारे में सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तारीख बदलने की कोशिश क्यों की गई, क्या व्यापार के लिए ऐसा किया गया, यह जांच में पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चों में से 9 साल के बच्चे को ज्यादा चोटें आई हैं।

## स्टैनली गैरंडी राइफल और शॉटगन शूटर ने परचम लहराया

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली में 11 दिसंबर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक 67वीं नेशनल शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप चल रही है। इस प्रतियोगिता में मंदसौर नगर के राइफल और शॉटगन खिलाड़ी स्टैनली गै्रंडी ने एक बार फिर मंदसौर का परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया है। स्टैनली गै्रंडी ने ट्रैप शूटिंग इवेंट में शानदान प्रदर्शन किया और हर साल के तरह इस साल भी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जीत हासिल कर रिनॉउन्ड शॉट में अपनी जगह बरकरार रखी। इस प्रतियोगिता में पूरे हिंदुस्तान के 1000 - 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। आपको बता दे स्टैनली गै्रंडी हिंदुस्तान के जाने माने राष्ट्रीय स्तर के राइफल और शॉटगन खिलाड़ी हैं।

## हॉकी खिलाड़ी कृषा का इंडिया कोर ग्रुप में चयन

**मंदसौर, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बेंगलुरु में चल रहे जूनियर इंडिया कैंप से कोर ग्रुप का ऐलान किया गया जिसमें मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी कृषा का भी चयन किया गया यह जानकारी हॉकी मंदसौर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया व सचिव अविनाश उपाध्याय ने दी, उन्होंने बताया कि कोर ग्रुप का मतलब, इंडिया कैंप से चयन खिलाड़ियों का एक ग्रुप बनाया जाता है जिसमें से ही आगामी प्रतियोगिताओं के लिए इंडिया टीम का चयन किया जाता है यह चयन बेंगलुरु में चल रहे जूनियर इंडिया कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। यह जानकारी अवगत कराया जाए कि कृषा की हॉकी की शुरुआत सेंट थॉमस विद्यालय की कक्षा 6टी से हुई। इसके बाद इसका चयन मंदसौर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर व केंद्र शासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर में हुआ



यहीं से राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया यहीं से इनका चयन जूनियर इंडिया कैंप के लिए किया गया और फिर यहीं से उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर यह कोर ग्रुप में आई कृषा की इस उपलब्धि में माता-पिता का भी बहुमूल्य योगदान रहा कृषा के पिताजी धर्मेंद्र परिहार कुछलोद में सचिव के पद पर कार्यरत है। कृषा कि इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़्ज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी जिला हॉकी संगठन जनसंपर्क अधिकारी जितेन्द्र कनौजिया ने दी।

## श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर कानाखेड़ा में श्रीमद्भागवत रामानंदजी ने कहा...

# समर्पण भाव और त्याग के बिना परमात्मा नहीं मिलते

**नीमच, 11 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री कृष्ण का जन्म जेल में होना संसार को यह संदेश देता है कि सकारात्मक सोच हो तो कठिन से कठिन लक्ष्य को सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। वक्षासुर वध संसार को यह संदेश देता है कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए मन की चंचलता को त्यागना होगा। मन में समर्पण भाव से परमात्मा को याद करना होगा तभी परमात्मा की प्राप्ति होती है। सकारात्मक सोच हो तो सफलता अवश्य मिलती है।यह बातश्री पंचमुखी बालाजी मंदिर कानाखेड़ा के तत्वाधान में आयोजित धर्म कथा में बाबा विश्वनाथ गुरुकुलम उजडखेडा उज्जैन के व्याकरणाचार्य रामानंद पुरी जी महाराज ने कही। वे पंचमुखी बालाजी के दशम स्थापना दिवस एवं मकर सक्रांति के पावन उपलक्ष्य में पंचमुखी बालाजी मंदिर भक्ति पांडाल में आयोजित श्री मद्भागवत कथा एवं अखंड रामायण पाठ के आयोजन धर्म कथा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसार में भगवान के भक्त का पद सबसे उंचा होता है। अच्छे पुण्य विचारों का चिंतन करेंगे तो अच्छे कर्म से ही जुड़ेंगे और हमारे जीवन में सदैव अच्छा ही अच्छा पुण्य कर्म ही बढ़ेगा। मनुष्य कभी एक भी बार पाप कर्म की गलती नहीं करें नहीं तो एक गलती को छुपाने के लिए 99 झूठ बोलना पड़ते हैं इसलिए मनुष्य को सदैव अच्छे पुण्य कर्म और परमार्थ सेवा कार्य करना चाहिए तभी हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। मनुष्य को अच्छे लोगों की संगत करना चाहिए। अच्छे लोगों की संगत का फल अच्छा होता है। पाप करने वाले अजामिल ने साधु संतों की प्रेरणा से अपने पुत्र का नाम नारायण रखा और जीवन पर्यंत नारायण नारायण का नाम लिया तो उसके जीवन का कल्याण हो गया था। इसलिए हमें भी बच्चों के नाम भगवान के नाम पर ही रखना चाहिए ताकि हमारा भी कल्याण हो जाए। धार्मिक सेवा कार्यों के लिए अपने कर्म की बोली लगाएंगे तो हमें संसार में कहीं भी बोली नहीं लगानी पड़ेगी। धार्मिक बोली पाप के प्रायश्चित समान होती है। पुण्य कर्म का फल हजार गुना होकर वापस मिलता है इसलिए सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए।

यदि हम पाप कर्म करेंगे तो हमें पशु योनि में जन्म लेना पड़ेगा पशु योनी नरक



के समान होती है। परिवार का अर्थ परेशानी में रहते हुए संघर्ष के साथ सत्संग भक्ति भी करते रहना होता है। नाचने गाने से कभी भगवान नहीं मिलता है। जिसने जीवन को तपस्वी की तरह बना लिया उसका जीवन सदैव सफल होता है। श्री मद्भागवत कथा हमें परिवार में रहते हुए त्याग का संदेश देती है।जिसको भगवान पर भरोसा नहीं होता है वह कथा का व्यापार करता है कथा का व्यापार पाप कर्म के समान होता है। सत्यवादी हरिश्चंद्र को भी धरती पर परेशानी का सामना करना पड़ा था सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं होता है। इसलिए सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए तभी जीवन का कल्याण होता है। आत्मा से परमात्मा के मिलन का नाम रास होता है। भारत में इतने महान ऋषि मुनि थे कि भारत विश्व गुरु कहलाता था। शास्त्र स्पष्ट बोलता है। संत अच्छा मार्ग दिखाता है। सत्संग अवगुण दिखाता है। दर्पण सच्चाई दिखाता है। संत्संग के पुरुषार्थ से पाप पुण्य में, तथा कर्म धर्म में बदल जाता है। राजा परीक्षित ने 7 दिन तक श्रीमद् भागवत का सत्संग सुना और अपने जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था जो आज भी आदर्श प्रेरणादाई प्रसंग है। जहां भागवत कथा और सत्संग होते हैं वह स्थान कुम्भ तीर्थ हो जाता है। जिस देश में भ्रष्टाचार होता है वहां सत्य असत्य हो जाता है।जो जवानी में भक्ति करता है उसकी बुढ़ापा सुख में बितता है। महाराज श्री ने हिरणा कश्यप, भक्त प्रह्लाद, राजा परीक्षित, नरसिंह अवतार ,मत्स्य अवतार, कश्यप ऋषि, मान्धाता, ओंकारेश्वर, समुंद्र मंथन,यज्ञ ,गजकथा, धन्वंतरि,मोहनी अवतार श्री राम जन्म,चित्रकुट, पंचवटी, गुरु,वैद कर्म, उपासना,महाप्रलय, आदि धार्मिक प्रसंगों का वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व प्रतिपादित किया।श्रीमद् भागवत पोथी पूजन आरती में प्रतापगढ़ के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज मेनारिया, अखिल भारतीय मेनारिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज मेनारिया के पिता मांगीलाल मेनारिया, शंकर लाल मेनारिया, धनराज मेनारिया निकुंभ, राधेश्याम मेनारिया व बाबूलाल नागदा काना खेड़ा,सहित बड़ी संख्या में मेवाड़ मालवा अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। सभा का संचालन दशरथ नागदा ने किया।श्री मद्भागवत कथा 8 से 14 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह11 से 4बजे तक आयोजन किया जा रहा है। 14 जनवरी को पूर्णाहुति भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा। भागवत पोथी पूजन आरती के बाद प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जायेगा।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in